हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

16 जुलाई 2025, समय 1810

<u>मुख्य समाचार :-</u>

1. भारत ने अपने नागरिकों से ईरान को अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा।

2. मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम ज़िले में 188 करोड़ रूपये की विकास परियोजनाओं का उद्धघाटन व शिलान्यास किया।

3. हरियाणा के मुख्यमंत्री ने फरीदाबाद के आनंगपुर गाँव में अवैध निर्माणों की तोड़फोड़ के कारण गरीब लोगों के उजड़ने का मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखने का आश्वासन दिया।

4. केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने विद्यार्थियों से स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में तेल बोर्ड स्थापित करने को कहा।

5. हरियाणा में बिजली विभाग ने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना को आगे बढ़ने के लिए उपभोगताओं की वित्तीय बढ़ाएं दूर की।

*******************************************

भारत ने अपने नागरिकों से ईरान की अनावश्यक यात्रा से बचने को कहा है। ईरान में बढ़ती सुरक्षा चिंताओं के बीच यह परामर्श जारी किया गया है। ईरान में भारतीय दूतावास ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में भारतीय नागरिकों को ईरान यात्रा से पहले स्थिति पर सतर्कता से नजर रखने और भारतीय प्राधिकरणों से जारी परामर्शों पर भी ध्यान देने को कहा है।
वर्तमान में ईरान में रह रहे और स्वदेश लौटने के इच्छुक भारतीय नागरिकों को वाणिज्यिक उड़ान और अन्य विकल्पों की मदद लेने का परामर्श दिया गया है।

*******************************************

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज गुरुग्राम में जिला के विकास के लिए 188 करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया।

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद मुख्यमंत्री ने पटौदी विधानसभा क्षेत्र में 55 करोड़ 5 लाख 67 हजार की लागत से पचगांव से जमालपुर होते हुए फर्रुखनगर तक बनाए गए द्विमार्गीय सड़क तथा 13 करोड़ 18 लाख 83 हजार रुपए की लागत से हेलीमंडी-मेहचाना- फर्रुखनगर मार्ग के नवीनीकरण का उद्घाटन किया।

इसके इलावा मुख्यमंत्री ने कई नई सड़कों सहित सोहना विधानसभा क्षेत्र में 8 करोड़ 23 लाख 19 हजार रुपए की लागत से जीए रोड से अलीपुर हरिया हेड़ा तक बनी सड़क तथा रायसीना गांव में बने मंदिर मार्ग का उद्घाटन भी किया।

मुख्यमंत्री ने सोहना विधानसभा क्षेत्र में 13 करोड़ 34 लाख 53 हजार की राशि से बनने वाले जीए रोड-नया गाँव-धुमसपुर मार्ग तथा 16 करोड़ 56 लाख 79 हजार की राशि से बनने वाले सोहना-अभयपुर-लोहटकी-खेडला तथा दमदमा -रिठौज सड़क मार्ग के जीर्णोद्धार कार्य का शिलान्यास भी किया।

विकास परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण द्वारा चंदू बुढेड़ा में 63 करोड़ 18 लाख रुपए की लागत से बनाए गए 100 प्रति दिन मेगा लिटर क्षमता की नवीन जल परिशोधन यूनिट का उद्घाटन किया। इस परियोजना के माध्यम से गुरुग्राम के 81 से 115 तक 34 सेक्टरों में रहने वाले साढ़े चार लाख से अधिक परिवारों को शुद्ध पेयजल की अतिरिक्त आपूर्ति सुनिश्चित होगी। यहां नहरी पानी का संशोधन कर उसे लोगों के घरों तक पहुंचाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने जिला के शिक्षागत ढांचा को मजबूत करने के लिए आज समग्र शिक्षा अभियान के तहत बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव दौलताबाद में 5 करोड़ 3 लाख 89 हजार तथा गाँव धनवापुर में 2 करोड़ 39 लाख 56 हजार, सोहना में 4 करोड़ 70 लाख 30 हजार तथा गांव घामड़ौज में 3 करोड़ 40 लाख 59 हजार एवं गांव सिलानी में 3 करोड़ 12 लाख 87 हजार की लागत से बनने वाले नए स्कूल भवनों की आधारशिला भी रखी।

इस अवसर पर हरियाणा के वन, पर्यावरण एवं उद्योग मंत्री राव नरबीर सिंह व क्षेत्र के विधायक भी मौजूद रहे।

*******************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री ने अरावली क्षेत्र में हो रहे अवैध निर्माणों के खिलाफ सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों पर फरीदाबाद के आनंगपुर गाँव में चल रही तोड़ फोड़ के कारण गरीब लोगों के उजड़ने पर चिंता व्यक्त की है।फरीदाबाद के कई नेताओं द्वारा उनके समक्ष यह मुद्दा उठाए जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा की उच्छित माध्यम से यह मुद्दा सर्वोच्च न्यायालय के सामने उठाया जाएगा।

*******************************************

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड-सीबीएसई ने विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के लिए स्कूलों में तेल बोर्ड स्थापित करने को कहा है। सी बी एस ई ने इस संबंध में सभी स्कूल प्रमुखों को पत्र लिखा है।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि सीबीएसई ने पौष्टिक और स्वास्थ्य वर्धक भोजन विकल्पों की उपलब्धता और गतिविधि उपायों के माध्यम से स्कूलों में स्वस्थ भोजन और शारीरिक गतिविधियों को बढ़ावा देने को कहा है। बोर्ड ने विद्यार्थियों को सीढ़ियों का उपयोग करने, छोटे व्यायाम अवकाश आयोजित करने और पैदल चलने के मार्गों को सुगम बनाने के लिए भी कहा है। वैश्विक रोग भार-जीबीडी 2021 मोटापा पूर्वानुमान अध्ययन के अनुसार भारत में अधिक वजन और मोटापे से पीड़ित वयस्कों की संख्या 2021 में 18 करोड़ से बढ़कर 2050 तक लगभग 45 करोड़ होने का अनुमान है ।

*********************************************

हरियाणा में बिजली विभाग ने प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना को आगे बढ़ाने के लिए उपभोक्ताओं की वित्तीय बाधाएं दूर कर दी हैं। पानीपत सर्कल में सब अर्बन डिविजन के कार्यकारी अभियंता आदित्य कुंडू ने यह जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत कनेक्शन लेने वाले उपभोक्ताओं को कई प्रकार की छूट दी गई हैं।

उन्होंने बताया कि प्रसंस्करण शुल्क, मीटर स्थापना व परीक्षण शुल्क पूर्णत माफ किया गया है। नेट-मीटरिंग व ग्रॉस-मीटरिंग समझौते की भी कोई आवश्यकता नहीं है। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने के उद्देश्य से सभी अधिकारी व कर्मचारी तालमेल बना काम रहे हैं। उन्होंने बताया कि योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा उपभोक्ताओं को उपलब्ध हो इसके लिए उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के मुख्य अभियंता (वाणिज्यिक) ने प्रदेश के सभी सर्कल अधिकारियों को पत्र जारी कर दिए हैं।

*********************************************

केंद्र सरकार की पहल के तहत सावन के महीने में डाक विभाग द्वारा आमजन को जलाभिषेक के लिए शुद्ध एवं पवित्र गंगाजल उपलब्ध करवाया जा रहा है।
हिसार मंडल के डाकघर अधीक्षक हरीश कुमार ने बताया कि यह सेवा सभी प्रमुख डाकघरों हिसार,सिरसा ,फतेहाबाद व टोहाना आदि में उपलब्ध कराई जा रही है। इससे जो लोग सावन माह में किसी कारणवश हरिद्वार नहीं जा पाते उन्हें घर बैठे गंगाजल मिल रहा है। उन्होंने बताया कि हर साल सावन माह में लगभग आठ हज़ार गंगाजल की बोतलें हिसार डाकघर से खरीदी जाती हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड सरकार के सहयोग से सीधे डाक विभाग द्वारा ही उचित पैकजिंग के साथ यह गनगजल आमजन तक पहुंचाया जा रहा है।
पूरे साल भर किसी भी कार्य दिवस पर डाकघर आकर गंगाजल प्राप्त किया जा सकता है।

*******************************************